नईदुनिया



# सावन मास में पार्थिव शिवलिंग का पूजन अभिषेक हुआ



**भोपाल (हिनप्र)।**

हलालपुर स्थित खाती धर्मशाला में श्रावण मास के अवसर पर पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं अभिषेक का आयोजन रविवार को किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग बनाकर विशेष पूजा अर्चना और दूध, दही, शहद से अभिषेक किया। दोपहर 2 बजे से पूजन, अभिषेक और 4 बजे से हवन, 5 बजे महाआरती की गई। उसके बाद प्रसादी वितरण के साथ 11 दिन की यात्रा का समापन भी किया गया।

कार्यक्रम अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि सुख, समृद्वि और खुशहाली के लिए हर साल श्रावण मास पर यह आयोजन किया जाता है। 11 दिवसीय शिवलिंग निर्माण पूजन कार्यक्रम में जगह-जगह यह आयोजन करके शिवलिंग बनाकर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। पंडित रघुवीर प्रसाद चैबे ने विधि विधान से पूजन सम्पन्न करवाई। इस अवसर पर दिनेश कुमार शर्मा, भूपत प्रसाद पटेल, लखन लाल गुर्जर, शैलजा रेड्डी, प्रदीप राजपूत, संतोष लोधी, संतोष सेन, जितेन्द्र प्रजापति, शंकर सिंह लोधी, धर्मेन्द्र सक्सेना, सुमरन सिंह मीणा सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।



राजधानी में शनिवार को श्री नागेश्वरी अम्मन मंदिर गोविंदपुरा में (तमिल समाज द्वारा संचालित) समाज की महिलाओं बच्चों ने सर पर जवारे लेकर शोभा यात्र निकाली गई। जिसमें मंत्री विश्वास सारंग व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

# मुख्यमंत्री भोपाल में करेंगे विशाल तिरंगा यात्रा का शुभारंभ

**भोपाल (काप्र)।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 12 अगस्त को प्रात: 9 बजे नरेला विधानसभा में सुभाष आरओबी से निकाली जा रही भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग भी उपस्थित रहेंगे।

तिरंगा यात्रा के स्वागत में निर्धारित मार्ग पर 101 मंच से सभी समाज के लोग पुष्पवर्षा कर स्वागत करेंगे। तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीयन करने वालों को डिजीटल प्रमाण-पत्र भी प्रदान किये जायेंगे। रविवार को तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर मंत्री श्री सारंग ने जिला प्रशासन के साथ यात्रा स्थल का दौरा किया। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, गणमान्य नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता भाग लेंगे।

ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर देश भर में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश में भी तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। सुबह 9 बजे भोपाल के सुभाष नगर आरओबी से भव्य व विशाल तिरंगा यात्रा निकलेगी।

श्री सारंग ने बताया कि तिरंगा यात्रा सुभाष नगर से प्रस्थान कर विभिन्न मार्गों से होते हुए मुख्य रेलवे स्टेशन तक जाएगी। यात्रा मार्ग में बनाये गये स्वागत मंचों पर समाज का हर वर्ग यात्रा के स्वागत के लिए उपस्थित होगा। रहवासी, शासकीय और अशासकीय व्यक्ति, स्पोर्ट्स क्लब, सोसायटी, खिलाड़ी, कोच, अकादमी, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी और स्टॉफ, विभिन्न जनसंगठन, सामाजिक संगठन आदि तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत करेंगे। श्री सारंग ने बताया कि तिरंगा यात्रा में दो बार ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हाकी टीम के मिड फील्डर विवेक सागर और शूटिंग में दो बार के ओलम्पियन व अर्जुन अवार्डी ऐश्वर्य प्रताप सिंह विशेषरूप से उपस्थित रहेंगे।

## प्रकृति के संतुलन हेतु पौधरोपण समय की माँगः सिंह



**भोपाल( काप्र )।** आज इण्डियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एण्ड डेवलपमेंट राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्था के भोपाल चैप्टर द्वारा आयोजित बृहद पौधारोपण कार्यक्रम में अवधेश प्रताप सिंह,प्रमुख सचिव मप्र विधान सभा ने उद्‌गार व्यक्त किए कि प्रकृति के संतुलन एवं पर्यावरण की शुद्धि के लिए वृक्षारोपण समय की माँग है। आईएसटीडी द्वारा यह आयोजन एवं रोपे गए पौधों के संरक्षण का प्रयास सराहनीय है। इस अवसर पर अवधेश प्रताप सिंह,प्रमुख सचिव,चैप्टर अध्यक्ष विकास चौधरी,कार्यक्रम संयोजक सुनील जोशी, आर जी द्वेदी, सलिल चैटर्जी, सनत गंगवाल,एसके दुबे आदि पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा सपरिवार एक वृक्ष माँ के नाम पर विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया।

# साहित्य रत्न अण्णा भाऊ साठे की जयन्ती कार्यक्रम का आयोजन

**भोपाल (काप्र)। महापौर श्रीमती मालती राय के मुख्य आतिथ्य एवं निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की विशेष उपस्थिति में साहित्य रत्न श्री अण्णा भाऊ साठे की जयन्ती का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री पी.सी.शर्मा साहित्य मांग (मातंग) समाज विकास संगठन के पदाधिकारीगण मौजूद थे।**

तुलसी नगर स्थित नर्मदीय भवन में मांग (मातंग) समाज संगठन द्वारा मातंग समाज के महापुरूष साहित्य रत्न श्री अण्णा भाऊ साठे की 104वी जयन्ती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती राय ने श्री साठे द्वारा रचित मराठी नावेल की सराहना करते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आव्हान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने अण्णा भाऊ साठे को साहित्यकार के साथ ही समाज सुधारक निरूपित करते हुए कहा कि हमें उनसे प्रेरणा लेकर समाज सुधार के कार्य करना चाहिए।




## महापौर ने किया नाग पंचमी एवं चौरसिया दिवस का शुभारंभ



भोपाल, (काप्र)। महापौर श्रीमती मालती राय के मुख्य आतिथ्य में नाग पंचमी महोत्सव एवं चौरसिया दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महापौर ने लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में सर्वश्री चौरसिया तम्बोली समाज विकास परिषद द्वारा नाग पंचमी महोत्सव एवं चौरसिया दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट करने वाले सामाजिक बंधुओं को सम्मानित भी किया। आयोजकों द्वारा भी श्रीमती राय का सम्मान किया गया।

# पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### विपक्ष भारत में...

जारी की है ताकि सत्र के दौरान अस्थिरता पैदा की जा सके। मैं पूछना चाहता हूं कि संसद सत्र के समय ये विदेशी रिपोर्ट क्यों आती हैं? यह स्पष्ट है कि विपक्ष भारत में असंतुलन पैदा करना चाहता है। जब हम विपक्ष में होते हैं तो स्वदेशी आंदोलन की बात करते हैं, जबकि जब हम सत्ता में होते हैं तो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में %मेक इन इंडिया कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हैं।

### सीजेआई ने...

किया। उन्होंने कहा कि फिल्म में 'मुन्ना भाई' ने एक युवा रोगी को गर्मजोशी से गले लगाया, जिसे उन्होंने 'जादू की झप्पी' कहा क्योंकि रोगी एक चिकित्सा प्रक्रिया से बहुत व्यथित था। सीजेआई ने कहा कि दयालुता का यह कदम वास्तविक स्नेह से भरा हुआ था, जो एक अस्पताल में उपचार के वातावरण के विपरीत था।

### हिंदुओं पर अत्याचार...

गया। माना जाता है कि पिछले कुछ दिनों में कट्टरपंथियों ने हिंदुओं के घरों, व्यवसायों और यहां तक कि मंदिरों पर हमला किया है, जिसमें सैकड़ों हिंदू घायल हो गए हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी...

दिया। वह अपनी बुद्धिमत्ता के साथ-साथ बेहतरीन लेखन के लिए भी जाने जाते थे। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे नटवर सिंह ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली, जहां वह पिछले कुछ हफ्तों से भर्ती थे। राजस्थान के भरतपुर जिले में जन्मे नटवर सिंह 2004-05 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में विदेश मंत्री थे।

उन्होंने पाकिस्तान में भारत के राजदूत के रूप में भी सेवाएं दी थीं और 1966 से 1971 तक तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यालय से जुड़े हुए थे।

### मंडला से भी प्रारंभ...

पर ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हुए हैं जिन्होंने हमेशा इस भूमि की रक्षा की है। यहां की भूमि पर रानी दुर्गावती और अवंती बाई ने मुगलों, पठानों और सुल्तानों से लड़ाईयाँ लड़ी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शंकरशाह व रघुनाथ शाह जैसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी हर घर तिरंगा अभियान चल रहा है। इस अभियान में सभी नागरिक अपने-अपने घरों पर तिरंगा जरूर फहराए। जो चन्द्रशेखर आज़ाद, भगत सिंह, मंगल पांडे, शंकरशाह, रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती सहित अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को आपकी ओर से श्रृद्धांजलि होगी। मुख्यमंत्री को राखी बांधने के लिए मंडला जिले की बहनों ने 11 हजार राखियां संग्रहित की, जिन्हें मंच से कार्यक्रम स्थल के छोर तक रेशम की एक डोर से बांधा गया था। इस डोर में बहनों की 11 हजार राखियां बांधी गई थी, जिसे मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंच से अपनी ओर खींचा। साथ ही बहनों ने मुख्यमंत्री को आभार देने के लिए 1लाख 11 हजार आभार-पत्र लिखे, जिनका संग्रह मुख्यमंत्री डॉ. यादव को एनआरएलएम की दीदियों ने सौंपा। मुख्यमंत्री ने लाड़ली लक्ष्मी योजना से आरोही जोगी, एनआरएलएम की लखपति दीदी सुनिता चौहान और मुद्रा योजना से गोरा बाई को लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री ने तनुश्री पाठक को अनुकंपा नियुक्ति-पत्र भी प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने रविवार को मंडला जिले की हवाई पट्टी ग्वारा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### प्रशिक्षु विमान...

विमान ने उड़ान भरी थी। दो पायलट इसे टेस्ट उड़ान के लिए ले जा रहे थे, उड़ान के बाद इन्हें लैंड करना था। लेकिन, यह एयरक्राफ्ट हवाई पट्टी पर लैंड नहीं होकर पेड़ और झाड़ियों के बीच क्रैश हो गया। दोनों पायलट को संजीवनी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया है, जहां उनकी हालत खतरे के बाहर है। इसी साल के मार्च महीने में भी गुना में एक प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। इस प्रशिक्षु विमान ने सागर स्थित ढाना हवाई पट्टी से उड़ान भरी थी और इस विमान को प्रशिक्षु महिला पायलट उड़ा रही थी। गुना के पास विमान में खराबी आई और महिला पायलट ने लैंडिंग की अनुमति मांगी, लैंडिंग के दौरान विमान का नियंत्रण बिगड़ा और वह झाड़ियों में जा गिरा था। राज्य में कई स्थानों पर पायलटों को प्रशिक्षण देने वाली अकादमी काम कर रही है। इन स्थानों पर पायलटों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

### भारत के लिए...

ढूंढ़ा जा सके। इस वर्ष की शुरुआत में 184 हेक्टेयर भूमि का पुनर्ग्रहण पूरा हो गया। करीब आठ करोड़ अमेरिकी डॉलर की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में पर्यटन विकास के उद्देश्य से पुनर्ग्रहण के साथ-साथ अड्डू के समग्र आर्थिक विकास को भी शामिल किया गया है। यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास में मदद करेगी तथा रोजगार, उद्यमिता और व्यापार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराएगी। जयशंकर ने कहा, ''भारतीय सहायता से क्रियान्वित की जा रही एक अन्य महत्वपूर्ण परियोजना सात करोड़ अमेरिकी डॉलर की लागत वाली है, जिसका उद्देश्यअड्डू की सड़कों और जल निकासी प्रणाली का पुनर्विकास है। यह परियोजना अंतिम चरण में है और इसके पूरा होने पर अड्डू में सड़कों पर जलभराव की समस्या का समाधान हो जाएगा।''

## चालीहा में 13 अगस्त को साईं मनीषलाल का सत्संग

**भोपाल (हिनप्र)।** पूज्य झूलेलाल चालीहा साहिब महोत्सव समिति, संतनगर में 41 वें चालीहा महोत्सव का आयोजन कर रही है। झूलेलाल मंदिर, एच वार्ड में महोत्सव के 29वें दिन पर भरुच के ठकुर सांई मनीषलाल साहिब के सानिध्य में 13 अगस्त को शाम 06 से 08 बजे तक बहिराणा साहिब की ज्योत एवं 08 बजे आरती की जाएगी। बहिराणा साहिब की ज्योत शाम 06 बजे प्रज्ज्वलित की जाएगी और आरती-पल्लव शाम को 08 बजे किया जाएगा। भगवान झूलेलाल साहिब के बहिराणा साहिब की ज्योति देश की अखंडता, भाई चारा, सुख-शांति, खुशहाली बनी रहे, इस लिए शीतलदास की बगिया कमला पार्क घाट पर प्रार्थना कर विसर्जिन की जाएगी।

### मारपीट के बाद दुकान और घर में लगाई आग

**भोपाल ।** प्रदेश के आगर जिले के गंगापुर गांव में शनिवार रात को मारपीट और विवाद के बाद एक दुकान और घर में आग लगा दी। इसके बाद से ही गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई है। दरअसल वर्ग विशेष के युवक द्वारा चलाई जा रही मुर्गे विक्रय की दुकान पर दूसरे समुदाय का व्यक्ति मुर्गा लेने गया था। इसी दौरान किसी बात पर दोनों में विवाद हो गया। इसमें दुकान संचालक वर्ग विशेष के व्यक्ति द्वारा दूसरे समुदाय के युवक पर हमला कर दिया गया। हमले में घायल युवक ने गांव में पहुंचकर लोगों को जानकारी दी। हमले से नाराज लोग बड़ी संख्या में वर्ग विशेष के व्यक्ति की दुकान पर पहुंचे और दुकान व घर में आग लगा दी। इधर, विवाद की सूचना पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को लगी।

# सिंधी मेला समिति की तीन दिनी व्यंजन प्रतियोगिता संपन्न



**भोपाल (हिनप्र)। सिंधी मेला समिति द्वारा भोपाल में तीन दिवसीय कुकिंग कॉम्पिटिशन का आयोजित किया जा रहा है।**

पहले दिन राजधानी के 8 सेंटरो पर इस प्रतिस्पर्धा हुई, जिसमें सिंधी की महिलाओं ने हिस्सा लिया, भोपाल में बावड़ियाँ कला स्थित सिंधी महिलाओं ने 41 प्रकार की सिंधी व्यंजनों को विशेष रूप से तैयार किया था, जिसमें बिह पटाटा, साई भाद्दी, सेल मानी, खुराक, सिंगर जी मिठाई जैसे अनेक व्यंजन तैयार कर सिंध की पुरानी यादों को इन व्यंजनों के माध्यम से तरो ताजा कर दिया। इसी तरह कोटरा सुलतानाबाद, प्रभु नगर ईदगाह, सिंधी कॉलोनी, कवरराम कॉलोनी. स्वागत गार्डन में भी इसी तरह का अपनी संस्कृति का से जुड़ाव देखने को मिला, साथ ही इस प्रतियोगिता में 8 लेकर 80 वर्ष तक की महिलाओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया।प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को महिलाओं ने कई लजीज डिशेश तैयार कीं। कॉम्पीटिशन के विजेताओं को विभिन्न कैटेगरी में 1 सितंबर को मानस भवन में पुरस्कृत किया जायेगा। सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि रविवार को 13 स्थानों पर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, एवं कल इस प्रतियोगिता का आयोजन मंडीदीप, गंजबसोदा एवं इटारसी में आयोजित की गई है।

# मानव संग्रहालय भोपाल और सिविल अस्पताल बैरागढ़ में पौधे रोपे



**भोपाल (हिनप्र)।**

निरंकारी मिशन द्वारा पर्यावरण के संरक्षण के लिए वननेस वन परियोजना के चौथे-चरण में रविवार को संत निरंकारी मंडल ब्रांच भोपाल द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, श्यामला हिल्स, भोपाल और ब्रांच बैरागढ़ द्वारा सिविल अस्पताल परिसर, बैरागढ़ में पौधा रोपण किया गया ।

भोपाल जोन के जोनल इंचार्ज महात्मा अशोक जुनेजा के मार्गदर्शन में ब्रांच भोपाल द्वारा श्यामला हिल्स स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के दौरान जोनल इंचार्ज महात्मा ने निरंकारी मिशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के संचालक अमिताभ पाण्डे, हॉर्टिकल्चर अधिकारी धीर सिंह सहित मानव संग्रहालय के समस्त स्टाफ द्वारा भी पौधारोपण किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय संचालक महात्मा अखिलेश यादव सहित निरंकारी मंडल भोपाल के सेवादल के भाई - बहन और साध संगत द्वारा उत्साहपूर्वक बड़ी संख्या में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया । ब्रांच संचालक महात्मा श्री विलास ने सभी सेवा दल के भाई बहनों, साध संगत और मौजूद स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

**अस्पताल में पौधारोपण**

ब्रांच बैरागढ़ द्वारा सिविल अस्पताल परिसर बैरागढ़ में ब्रांच संयोजक महात्मा महेश वीधानी के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के दौरान सिविल अस्पताल अधीक्षक डॉ. जे.के.जैन द्वारा निरंकारी मिशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई।

## जाहिर सूचना

**म. नं. 181, स्थित सुंदर नगर, अशोका गार्डन के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आबिद हुसैन पुत्र श्री हाफिज अहमद हुसैन ने निगहत आलम पत्नी महमूद आलम, निवासी पता म. नं. जी-34, मयूर विहार कॉलोनी, भोपाल म. प्र. से उनके स्वामित्व एवं अधिपत्य का एक मकान क्रमांक 181, जो कि सुन्दर नगर, खसरा क्रमांक 248, 249 अशोका गार्डन, भोपाल म.प्र. में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 20×30=600 वर्गफिट को क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। उपरोक्त संपत्ति अथवा उसके किसी भी भाग पर किसी भी व्यक्ति, संस्था बैंक या प्राईवेट व्यक्ति, बंधक दान, भार, अथवा इस अंतरण से किसी का कोई हित प्रभावित हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय आवश्यक दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं या अपना पक्ष रख सकते है। समयावधि पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी और मेरा पक्षकार अनुबंधित संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा ।

**मो. आरिफ, एडवोकेट**
कार्यालय 48 सम्राट अशोक कालोनी, अशोक गार्डन भोपाल
मो. 9826284191

1476

In The Court of IV Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Bhopal
**Presiding Officer : जैनुल अब्दीन**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(MACC./0001127/2023)
प्रदीप कुमार जैन ..... वादी V/S
इरफान मौमिन ..... प्रतिवादी
Process Id-2024 पेशी दि.12.9.2024

प्रेषिती 1. इरफान मौमिन पिता नेमुरल हरसन पता 1247 सिया मस्जिद के पास हाउसिंग बोर्ड कालोनी, करोंद निशातपुरा भोपाल म.प्र. 2. मोहम्मद इरफान पिता इस्लामुद्दीन पता-फदीन दरवाजा फफूंद रोड गुलाब सिंह डिग्री कालेज के पास जिला औरय्या उत्तरप्रदेश यह कि प्रार्थी प्रदीप कुमार जैन ने आपके विरूद्व आवेदन अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधि. के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद में संबंधित सभी सारवान कथनों करें का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करवाएं। यह आज तारीख 08 July 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

**Jainul Abdin, Member**
**IV Addl. M.A.C.T.**
**Bhopal (M. P.)**

1477